(ख) इन राज्यों के नाम क्या हैं जिन्होंने गौहत्या पर रोक नहीं लगाई है ?

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में उपमंत्री (श्री प्रमुखदास पटेल) : (क) संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची 2 की प्रविष्टि 15 में पशुओं का संरक्षण, रक्षा और सुधार राज्यों का विषय है। अत. उच्चतम न्यायालय द्वारा की गई व्याख्या के अनुसार संविधान की धारा 48 के क्रियान्वयन की ओर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का ध्यान आकर्षित किया गया है । फिर भी, इस मामले के सभी पहलुओं की जांच करने और सरकार को अपनी सिफारिशें देने के लिये एक गोरक्षा समिति गठित की गई है । समिति के 31 मई, 1976 तक सरकार को अपनी रिपोर्ट देने की आशा है । समिति द्वारा अपनी रिपोर्ट पेश करने और सरकार द्वारा इसकी सिफारिशों पर निर्णय ले लेने के बाद इस संबंध मे उपयुक्त कानून बनाया जाएगा।

(ख) सूचना एकत्र की जा रही है और यथा-समय सभा-पटल पर रख दी जाएगी ।

दिल्ली में तम्बुओं में चल रहे स्कूल

2013. श्री ओंकार लाल बेरवा : क्या शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में इस समय कितने स्कूल तम्बुओं में चल रहे हैं; और

(ख) इसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय तथा संस्कृति विभाग में उपमंत्री (श्री डी० पी० यादव) : (क) दिल्ली प्रशासन, नई दिल्ली नगर निगम, दिल्ली छावनी बोर्ड तथा दिल्ली नगर निगम द्वारा भेजी गई अपेक्षित सूचना निम्नलिखित है :—

(i) दिल्ली प्रशासन : 64 स्कूल पूर्ण रूप से तम्बुओं में और 97 स्कूल आंशिक रूप से तम्बुओं में, आंशिक रूप से भवनों में कार्य कर रहे हैं ।

(ii) नई दिल्ली नगर निगम : 5 स्कूल तम्बुओं में कार्य कर रहे हैं ।

(iii) दिल्ली छावनी बोर्ड : सभी स्कूल भवनों में कार्य कर रहे हैं ।

(iv) दिल्ली नगर निगम : 130 स्कूल पूर्ण रूप से तम्बुओं में और 30 स्कूल आंशिक रूप से तम्बुओं में कार्य कर रहे हैं ।

(ख) तम्बुओं में स्कूलो के कार्य करने के निम्नलिखित कारण हैं —

(i) भूमि प्राप्त करने मे कठिनाईयां।

(ii) स्थानीय निकायो तथा दिल्ली नगर कला आयोग से नक्शो तथा भवन योजनाओ की मजूरिया/पास करने से संबंधित आज्ञा पत्र उपलब्ध करने की औपचारिकताओं को पूरा करने मे विलम्ब ।

(iii) धनाभाव ।

दिल्ली में अंग्रेजों की मूर्तियां

2014. श्री ओंकार लाल बेरवा : क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) दिल्ली में अंग्रेजों की कितनी मूर्तिया अब तक लगी हुई हैं ; और

(ख) इसके क्या कारण हैं ?

निर्माण और आवास तथा संसदीय-कार्य मंत्री (श्री के० रघुरामैया) : (क) अंग्रेजो की सभी प्रतिमाओं को जहां भी वे स्थापित थी वहां से हटा दिया गया था । तथापि, हटाने के बाद इन्हें कहीं न कहीं रखना ही था । इसलिये उन्हें किंग्सवे पार्क में रख दिया गया था । इसका अर्थ यह नहीं है कि इन्हें वहां स्थापित कर दिया गया है ।